coarse-grain, is at a low level compared to previous years. However, there is regular replenishment of stocks through procurement operations in the country and the procuring agencies have been advised to maximise the procurement. The option of imports of foodgrains is also kept open, in case the need is felt on review of stocks. Simultaneously, the available stocks are being utilized judiciously to meet the reasonable requirements of the Public Distribution Systems.

राजस्थान में टी.वी. नेटवर्क का विस्तार

1816. **श्री भंवर लाल पंवार:** क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान, राजस्थान के ग्यारह जिलों में टी.वी. रिले केन्द्र स्थापित करने का प्रस्ताव था लेकिन गत चार वर्षों के दौरान केवल पाली और नागौर जिले में ही टी.वी. केन्द्र स्थापित किये जा सके हैं;

(ख) यदि हां, तो राजस्थान के शेष स्थानों अर्थात चुरू, पिलानी, झुन्झुनू, सीकर, सवाई माधोपुर, बूंदी, चित्तौड़गढ़, झालावाड़ और रावत भाटा में कब तक टी.वी. केन्द्र स्थापित कर दिये जाने की सम्भावना है; और

(ग) क्या सरकार राजस्थान के सभी टी.वी. केन्द्रों से क्षेत्रीय भाषा और लोक गीतों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रसारण शुरू करने का विचार रखती है?

संसदीय कार्य मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री एच॰के॰एल॰ भगत): (क) और (ख) राजस्थान राज्य से संबंधित दूरदर्शन की अनुमोदित सातवीं योजना में अनूपगढ़, बाड़मेर, बूंदी और जैसलमेर में एक-एक कुल मिलाकर 4 उच्च शक्ति दूरदर्शन ट्रांसमीटर स्थापित करने तथा बांसवाड़ा, चितौड़गढ़, चुरू, डूंगरपुर, झालावाड़, झुंझुनू, नागौर, पाली, पिलानी, सवाई माधोपुर, सीकर और सिरोही में एक-एक कुल मिलाकर 12 अल्प शक्ति (100 वाट) दूरदर्शन ट्रांसमीटर स्थापित करने; रावतभाटा में एक अति अल्प शक्ति (2×10 वाट) ट्रांसमीटर स्थापित करने तथा लालसोट में दूरदर्शन ट्रांसपोजर लगाने की स्कीमें शामिल हैं। जबकि बांसवाड़ा, चितौड़गढ़, डूंगरपुर, झुंझुनू, नागौर, पाली, पिलानी और सिरोही के अल्प शक्ति ट्रांसमीटर और रावतभाटा का अति अल्प शक्ति ट्रासमीटर पहले ही चालू हो गए हैं और शेष 4 अल्प शक्ति ट्रांसमीटरों को आगामी दो महीनों में चालू किए जाने की उम्मीद है, लालसोट का ट्रांसपोजर 1989 के अन्त तक चालू किए जाने की उम्मीद है। उच्च शक्ति ट्रांसमीटरों की स्थापना की प्रक्रिया में लम्बा समय लग जाता है और इनकी स्थापना तथा इनको चालू करना इन बातों पर निर्भर करता है—अपेक्षित उपकरण की सप्लाई के लिए स्वदेशी निर्माता को लगाने वाला समय, योजना राशि का वार्षिक आवंटन और विभिन्न स्थानों में आधारभूत सुविधाओं की व्यवस्था। उपर्युक्त स्कीमों के कार्यान्वयन से राजस्थान के सभी जिलों के पूर्णतया या अंशतया दूरदर्शन सेवा से कवर हो जाने की उम्मीद है।

(ग) इनसेट-2 समय संरचना के दौरान अपेक्षित सुविधाओं की उपलब्धता पर राजस्थान के सभी दूरदर्शन ट्रांसमीटरों को प्रारंभिक (प्रादेशिक) सेवा कार्यक्रमों को रिले करने के लिए दूरदर्शन केन्द्र, जयपुर से जोड़ने का विचार है।

1817. [Transferred to the 27th March, 1989]

ऊबड़-खाबड़ भूमि को समतल करने के लिए मध्य प्रदेश के आदिवासियों को सहायता

1818. **श्री अजीत जोगी:** क्या **कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय सरकार पूर्वोत्तर राज्यों के आदिवासियों को झूम खेती के नियंत्रण के लिए वर्ष 1987-88 से शत-प्रतिशत अनुदान दे रही है, यदि हां, तो क्या सरकार उसी प्रकार मध्य प्रदेश के आदिवासियों को भी वहां की ऊबड़-खाबड़ भूमि को समतल करने के लिए शत-प्रतिशत मदद देने का विचार रखती है, और

(ख) यदि नहीं, तो क्या सरकार के पास ऊबड़-खाबड़ भूमि के कारण कम आय की स्थिति में सुधार लाने के लिए कोई योजना है?

कृषि मंत्रालय में कृषि और सहकारिता विभाग में राज्य मंत्री (श्री श्याम लाल यादव): (क) और (ख) केन्द्र सरकार ने आन्ध्र प्रदेश, अरूणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, उड़ीसा और त्रिपुरा राज्यो में राज्य योजना का 100 प्रतिशत केन्द्रीय सहायता से 1987-88 से झूम खेती के नियंत्रण की एक स्कीम शुरू की है। यह स्कीम मध्य प्रदेश में लागू नहीं की गई है। तथापि, राज्य में कुछ अन्य स्कीम चल रही हैं जो भूमि विकास के लिए सहायता मुहैया करती हैं।

Job opportunities for unemployed persons

1819. SHRI MUKHTIAR SINGH MALIK: Will the Minister of LABOUR be pleased to state:

(a) whether there is any proposal under Government's consideration to provide more job opportunities for unemployed persons;

(b) if so, the details thereof; and

(c) the estimated number of educated unemployed youth at present in the country, State-wise?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF LABOUR AND THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI RADHAKISHAN MALAVIYA): (a) and (b) The Union Budget proposals for the year 1989-90, provide *inter alia*, for a new intensive Rural Employment Programme which will proivide additional funds to selected 120 districts which are backward and suffer from acute unemployment. This new programme will allow fuller employment opportunities to atleast one member of each family living below the poverty line. The funds of this scheme will be in addition to the provision available to the districts under the National Rural Employment Programme/Rural Landless Employment Guarantee Programme The Budget provides for this new programme a sum of Rs. 500 crores in 1989-90.

(c) According to the 7th Plan document, the estimate of unemployment among the educated manpower, *i.e.* matriculates and graduates and above, was 3.7 millions as at the beginning of 1985. Break-up of this figure by States and age groups is not available.

Manufacturing of soft drinks in India by foreign companies

1820. SHRI BHUVNESH CHATURVEDI: Will the Minister of FOOD PROCESSING INDUSTRIES be pleased to state:

(a) the number of applications filed by foreign companies to manufacture soft drinks in India;

(b) by when Government propose to take a decision in the matter; and

(c) whether Government propose to permit any company, if so, the terms and conditions for issue of such a licence?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF FOOD PROCESSING INDUSTRIES (SHRI JAGDISH TYTLER): (a) Two applications have been filed by foreign companies for the manufacture of soft drinks in India during 1988-89.

(b) and (c) An appropriate decision will be duly taken on the applications in accordance with the prescribed procedures and taking into account the merits of each application.

Installation of statue of Mahatma Gandhi

1821. SHRI BHUVNESH CHATURVEDI: Will the Minister of URBAN DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the proposal of installation of a statue of Mahatma